केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में 44वें स्थापना दिवस का मनाया गया उत्सव ।

केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में दिनांक 12.07.2023 को संस्थान के 44 वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया । कार्याक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि डॉ0 मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति, गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर उत्तराखंड ने की एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 पी.के. राउत, सहायक महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, डॉ0 ए,के. तोमर, निदेशक, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, राजस्थान एवं डॉ0 पी.के. रॉय, निदेशक, सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर राजस्थान की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली एवं मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण करके की गयी जिसके उपरांत जल भरो कार्यक्रम के माध्यम से जल ही जीवन है का संदेश कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अथिति, विशिष्ट अतिथियों एवं संस्थान निदेशक द्वारा संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन, सीआइआरजी एट ए ग्लांस पुस्तकों एवं पशु स्वास्थ्य कलैण्डर आदि का विमोचन किया गया ।

संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा मंच पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों सहित सभी गणमान्य अथितियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया । संस्थान निदेशक ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि विगत एक वर्ष में संस्थान द्वारा 07 राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराए गये है इसके अलावा संस्थान में वर्तमान में 45 से अधिक प्रोजेक्ट चल रहे है, 04 तकनीकी पेटेंट की जा चुकी है ।

संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पूर्व निदेशकों एवं अधिकरियों व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संस्थान की 44 वर्ष की सफल एवं गौरवशाली यात्रा में आप सभी का योगदान सराहनीय है । संस्थान द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों एवं महिला किसानों के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए परियोजना एवं कार्याक्रम चलाए गये है ।

मुख्य अतिथि डॉ0 मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति, गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर उत्तराखंड जो कि पूर्व में केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम के निदेशक भी रहे है एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम एवं संस्थान की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि वे संस्थान के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सहभागिता कर गौरव की अनुभूति महसूस कर रहे है एवं कहा कि वे संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध कार्यो एवं किसानों एवं बकरी पालकों के विकास में संस्थान की भूमिका की प्रशंसा करते है ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति, विशिष्ट अतिथियों एवं संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरूस्कार भी दिये गये ।

12 जुलाई 2023

44 वाँ स्थापना दिवस समारोह
12 जुलाई 2023
भा.कृ.अ.प. - केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान